ओ३म्

DAV COLLEGE MANAGING COMMITTEE
ESTD 1886

DAV HZL SR. SEC. SCHOOL

P.O. Dariba, Distt. Rajsamand, Rajasthan-313211 | Tel.: +91-2952-265130 | E-mail: davhzl_dariba@yahoo.com

Reg. No. OFFICE/14/2024-25/145 Date 11/11/2024

डा. पूनम सिंह ने किया प्रधानाचार्या पद पर कार्यभार ग्रहण

दरीबा, 11 नवम्बर। डी. ए. वी. हिन्दूस्तान जिंक लिमिटेड उच्च माध्यमिक विद्यालय, दरीबा में डॉ. पूनम सिंह ने प्रधानाचार्या के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

डॉ. पूनम सिंह स्नातकोत्तर (एम. एस. सी.) रसायन शास्त्र में गोल्ड मेडलिस्ट है साथ ही रसायन शास्त्र में ही मानद उपाधि (पी. एच. डी.) प्राप्त है। डॉ. सिंह को विद्यालय प्रबंधन में 20 वर्षो का प्रशासनिक कार्यो का अनुभव है।

श्री केशव कुमार, सुरक्षा अधिकारी एवं नॉमिनी चेयरमेन एवं विद्यालय स्टॉफ ने डॉ. पूनम सिंह को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। श्री केशव ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि प्रधानाचार्या द्वारा विद्यालय में विकास कार्यों की क्रियान्विति हेतु हिन्दूस्तान जिंक प्रबंधन सदैव तत्पर है। श्री केशव ने यह भी कहा कि डॉ. पूनम सिंह जिस प्रकार अपनी कार्यशैली से अपने पूर्व कार्यक्षैत्र को उन्नति दिलाने में अपना सहयोग प्रदान किया है उसी प्रकार अपनी कार्यशैली से इस विद्यालय को भी उन्नति के शीर्ष पर पहुँचाने में अपना सहयोग प्रदान करेगी।

प्रार्थना सभा में विद्यालय के सचिव श्री भुवनेश शर्मा, सी. एस. आर. हेड, हिन्दूस्तान जिंक लिमिटेड, राजपूरा दरीबा, शिक्षकों एवं विद्यालय के हेड बॉय रोहित बैरवा और हेड गर्ल अनन्या आचार्य ने गुलदस्ता भेट कर नई प्रधानाचार्या का स्वागत किया। श्रीमती भावना पालीवाल, वरिष्ठ शिक्षिका, रसायन शास्त्र ने अपने स्वागत उद्‌बोधन में डॉ. सिंह का परिचय विद्यार्थियों से करवाया।

श्री भूवनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. सिंह अपने 20 वर्षों के कार्यानुभव को प्रयोग में लाते हुए डी. ए. वी. हिन्दूस्तान ज़िंक लिमिटेड उच्च माध्यमिक विद्यालय, दरीबा को उन्नति के शिखर तक पहुँचाने में प्रयासरत् रहेगी एवं इस कार्य में हिन्दुस्तान जिंक प्रबंधन सदैव उनके साथ अग्रसर रहेगा।

डॉ. पूनम सिह ने अपने उद्बोधन में अपना परिचय देते हुए जिंक प्रबंधन व शिक्षकों को विश्वास दिलाया कि वह हर समय उनके साथ है विद्यालय की निरन्तर प्रगति के लिए प्रयासरत रहेगी उन्होंने शिक्षकों को हमेशा सकारात्मक बने रहने एवं मुस्कुराते रहने की सलाह दी व प्रतिदिन जो उन्होंने अच्छे कार्य किये है उसे लिखने एवं उनके लिये स्वयं को धन्यवांद कहने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों से लिए गए परिचय में उन्होंने प्रत्येक शिक्षक से अपने बारे में तीन अच्छी आदतों के बारे में बताने के लिए कहा जिससे प्रत्येक शिक्षक स्वयं अपनी खुबियों को पहचान सके।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या डॉ. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ–साथ अपने सर्वांगीण विकास खेल, विज्ञान, कला, भौतिकी, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, संगीत मानवीय व नैतिक मूल्यों को विकसित करने की ओर ध्यान देना होगा। विद्यालय विद्यार्थियों के विकास के लिए हर समय तत्पर रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव ऊर्जावान बने रहने, मुस्कुराते रहने व सकारात्मक बने रहने की सलाह दी।

डॉ. सिंह ने कहा कि अपने हर दिन की शुरूआत अच्छे विचारों के साथ नई ऊर्जा व प्रतिदिन के एक लक्ष्य को निर्धारित उसे पाने के प्रयास की इच्छाशक्ति के साथ होनी चाहिए और दिन के अन्त में यह मनन करना चाहिए कि आपने जो लक्ष्य निर्धारित किया था उसे प्राप्त किया या नहीं किया। अगर लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सके है तो प्रयासों में कहाँ कमी रह गई उस कमी को ढूँढकर अगले दिन उस कमी या गलती को दूर कर लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करना है। लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासित रहना होगा व समय के महत्त्व को समझना होगा। इसी तरह छोटे–छोटे लक्ष्य को प्राप्त करते–करते एक दिन जीवन में आप अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर इस देश का नाम रोशन करेंगे। डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक एवं कार्यक्षैत्र की यात्रा के बारे में भी बताया।

Singh 11/11/24

प्राचार्या

डी.ए.वी. हि.जि.लि. उ.मा.वि., दरीबा

PRINCIPAL
DAV HZL Sr.Sec. School
Dariba, Distt. Rajsamand
U-DISE No. 08250707109